नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


2 केरल से हिमाचल तक भारी बारिश का कहर


4 हॉकी के मेन इन ब्लू हो गए केसरिया!


9 एफपीआई ने लगाए 40 हजार करोड़


11 गुलवीर ने जीता अपना दूसरा पदक

# नशे के खिलाफ पीएम मोदी का मंत्र

## नशे को हराकर बाहर आए युवा असली योद्धा, समाज उसे दूसरा अवसर दे

**नई दिल्ली, 02 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा के लिए विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ के अवसर पर देशभर से जुड़े युवाओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश के युवाओं का तन और मन से स्वस्थ, आत्मविश्वास से भरपूर और नशे जैसी घातक आदतों से दूर रहना जरूरी है.**

प्रधानमंत्री ने युवाओं से नशे के खतरों को समझने, जागरूक रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते उन्हें खुशी है कि इस अभियान का पायलट प्रोजेक्ट पिछले साल काशी की पवित्र धरती से शुरू हुआ था.

उन्होंने कहा कि इस अभियान में वैज्ञानिक स्पष्टता के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा, संतों का आशीर्वाद और भारत की महान सांस्कृतिक विरासत भी जुड़ी है. देश के 125 से अधिक आध्यात्मिक संगठन, सामाजिक संगठन और एनजीओ इस दिशा में संकल्प लेकर साथ आए हैं. 'काशी डिक्लेरेशन' के जरिए रोडमैप तैयार किया गया और अब काशी से निकला यह कल्याणकारी विचार राष्ट्रीय परियोजना बन गया है. लाखों युवाओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली है और अपने जीवन, स्कूल, कॉलेज तथा समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लिया है. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लिया गया संकल्प अगले 100 सप्ताह तक लगातार आगे बढ़ेगा. हर रविवार कला, संस्कृति, खेल, मेडिटेशन, आध्यात्म और सेवा से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति का संदेश नए लोगों तक पहुंचाया जाएगा. देश के अलग-अलग क्षेत्रों और संस्थानों से जुड़े एक करोड़ से अधिक युवा इस अभियान का हिस्सा बने हैं.



| 125 | 100 | 2047 | 01 |
|---|---|---|---|
| से अधिक देश के आध्यात्मिक संगठन जुड़े थे | रविवार होंगे नशा मुक्त भारत की दिशा में मजबूत कदम | तक विकसित भारत को शिखर पर पहुंचाएगी अमृत पीढ़ी | करोड़ से अधिक युवा अभियान से जुड़े |

> नशा एक माँ की मुस्कान छीन लेता है, नशा एक पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है और एक बहन की राखी की उम्मीद को कमजोर कर देता है

### अभियान के प्रमुख उदेश्य


- काशी से शुरू हुआ अभियान अब राष्ट्रीय आंदोलन
- सामूहिकता से नई ऊर्जा मिलती है
- नशे की चपेट में आने से एक सपना और पूरा परिवार हारता है
- ड्रग्स की तस्करी को बताया आतंकी साजिश का हिस्सा
- ड्रग्स थोड़े समय का 'हाई' देता है, करियर और परिवार को 'लो'
- भारतीय संस्कृति ने हमेशा नशे से दूर रहने की दी सीख
- नशे से बाहर निकलने के रास्ते भी मौजूद
- परिवार बच्चों से खुलकर संवाद करे
- घर-घर पहुंचेगा नशा मुक्ति का संदेश

### ड्रग्स के खतरों पर बातचीत करें प्रोफेसर

पीएम नरेंद्र मोदी ने परिवारों से अपील की कि सामाजिक प्रतिष्ठा की आड़ में बच्चे के नशे की समस्या को छिपाया नहीं जाना चाहिए. जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों और मेडिकल हेल्प की मदद लेनी चाहिए. उन्होंने कहा कि परिवार में बच्चों से खुलकर संवाद की संस्कृति बनानी चाहिए. व्यवहार में बदलाव, खोया-खोया रहना, मुंह छिपाना, कमरे में बंद रहना, देर रात घर आना या अनावश्यक पैसे मांगना जैसे संकेतों पर परिवार को सतर्क होना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कॉलेज और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों से भी अपील की कि वे पढ़ाई के साथ छात्रों से ड्रग्स के खतरों पर बातचीत करें और अपने कैंपस में नशे के खिलाफ आंदोलन चलाएं.

## पेरू में विमान दुर्घटना में 13 लोगों की मौत

**लीमा, 02 अगस्त.** पेरू में रविवार को एक पर्यटक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार इटली के सात पर्यटकों सहित सभी 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विमान हादसे पर मुझे गहरा दुख है, जिसमें हमारे सात इतालवी नागरिकों ने भी अपनी जान गंवा दी. मैं इटली सरकार की ओर से और व्यक्तिगत रूप से, इस बेहद कठिन समय में उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ.




## पप्पू यादव पर फेंकी चप्पल

- दिल्ली में सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा
- समर्थकों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली 2 अगस्त. राजधानी दिल्ली में रविवार शाम पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव अपने दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे.**

इसी दौरान एक व्यक्ति अचानक आगे बढ़ा और उन पर चप्पल फेंक दी. घटना होते ही वहां मौजूद समर्थकों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी. कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. बाद में दिल्ली पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए आरोपी को भीड़ से छुड़ाया और हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया. घटना के बाद मीडिया से बातचीत में पप्पू यादव ने दावा किया कि यह केवल विरोध की घटना नहीं बल्कि उनकी हत्या की कोशिश थी. उनके अनुसार पकड़े गए व्यक्ति के पास चाकू भी था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है.



## मॉस्को के एक रेस्तरां में विस्फोट से तीन की मौत

**मॉस्को, 02 अगस्त.** रूस की राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी समिति (एनएसी) ने कहा है कि मॉस्को के एक रेस्तरां में शनिवार को हुआ विस्फोट बम धमाका था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गये. समिति ने सरकारी समाचार एजेंसी तास के हवाले से बताया कि मॉस्को के कुड्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित एक रेस्तरां में देसी विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट हुआ. मृतकों में विस्फोटक लेकर रेस्तरां में प्रवेश करने वाली एक महिला, उसे रोकने वाला एक सुरक्षा कर्मी तथा एक ग्राहक शामिल हैं.

### एक नजर में



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से ओडिशा के दौरे पर**

**नई दिल्ली.** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 3 से 5 अगस्त तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी. राष्ट्रपति के आगमन से पहले राज्य प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. राष्ट्रपति के दौरे के दौरान कटक, खुर्दा और गंजाम जिलों में सुरक्षा और लॉजिस्टिक इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु 3 अगस्त को कटक स्थित जगदगुरु कृपालु विश्वविद्यालय का उद्घाटन करेंगी.

### गुस्ताखी माफ




# जमीन विवाद में दो भाइयों की मौत

## सुमावली के हटूपुरा में हुई घटना, चचेरे भाइयों सहित दर्जनभर पर हत्या के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अगस्त. सुमावली थाना क्षेत्र के हटूपुरा गांव में रविवार दोपहर सरकारी जमीन पर कब्जे और कांटों की बाड़ लगाने को लेकर चचेरे भाइयों के बीच शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. दोनों पक्षों के बीच हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गोली लगने से जख्मी हुए हैं. हत्या के आरोप चचेरे भाइयों सहित दर्जनभर लोगों पर हैं.**

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 12 से 12.30 बजे सरकारी जमीन पर बाड़ लगाने को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. मुंहवाद से शुरू हुआ झगड़े ने कुछ ही देर में फायरिंग का रूप ले लिया. फायरिंग के दौरान राजवीर सिंह गुर्जर 42 पुत्र रामजीलाल गुर्जर और उनके छोटे भाई अजब सिंह उर्फ बंटू गुर्जर 30 पुत्र रामजीलाल गुर्जर की गोली लगने से घटनास्थल पर मौत हो गई. फायरिंग में मौके पर मौजूद विक्की उर्फ विकास गुर्जर पुत्र अजब सिंह गुर्जर और पप्पू उर्फ धीरेन्द्र 50 पुत्र रामजीलाल गुर्जर गोली लगने से जख्मी हो गए. ( शेष पेज 12 पर )

### इनका कहना है

सरकारी जमीन के कब्जे को लेकर हुए विवाद में फायरिंग की घटना हुई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दविश दी जा रही है.
**सुरेन्द्रपाल डाबर,** एडिशनल एसपी

## अलविदा ग्लासगो, मिलेंगे भारत में

**ग्लासगो 2 अगस्त.** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी 2 अगस्त को ग्लास्गो के ओवीओ हाइड्रो एरीना में आयोजित हुआ. करीब 13 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस इंडोर एरिना में यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया.

क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान सबसे पहले ग्लास्गो से अहमदाबाद को मेजबानी का प्रतीक किंग्स बैटन और कॉमनवेल्थ गेम्स का ध्वज सौंपा गया. यह पल इसलिए भी खास होगा क्योंकि2030 में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स इस प्रतियोगिता के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न भी होंगे. पहला कॉमनवेल्थ गेम्स 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में आयोजित हुआ था. क्लोजिंग सेरेमनी में मशहूर गायक शंकर महादेवन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी प्रस्तुति से अहमदाबाद 2030 की झलक दिखलाई. इस अवसर पर गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में मौजूद थे. मौजूदा विश्व चैंपियन और दो बार की मेडलिस्ट जैस्मिन लंबोरिया क्लोजिंग सेरेमनी में देश की ध्वजवाहक रहीं. 24 साल की बॉक्सर ने ग्लासगो में जारी कॉमनवेल्थ खेलों में 57 किग्रा वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था.

## यूएस में ताबड़तोड़ फायरिंग में 3 की मौत

**विन फॉल्स (इडाहो, अमेरिका) 02 अगस्त.** अमेरिका के इडाहो राज्य का शांत शहर ट्विन फॉल्स शनिवार दोपहर उस समय दहशत में बदल गया, जब एक हथियारबंद हमलावर ने शहर के व्यस्त शॉपिंग एरिया में अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं. स्थानीय समयानुसार करीब 2-30 बजे शुरू हुई इस फायरिंग में शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार तीन लोगों की मौत हुई, जबकि कई अन्य घायल हो गए. घटना के बाद पूरे इलाके में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए.

JAYPEE UNIVERSITY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
GUNA M.P. (Near Bhopal)
NAAC ACCREDITED GRADE A+
1st Private University of M.P. U/S 2(f) of the UGC Act, 1956 since, 2003
Recognized as "Excellent University" by MP Private University Regulatory Commission
BUILT FOR THE AGE OF INTELLIGENCE
ADMISSIONS 2026
Limited Seats Left, Apply Now!

OUR PROGRAMS
| B.Tech. in: CSE | CSE (Cyber Security) | CSE (AI and ML) | CSE (Data Science) | ECE | EE (VLSI Design and Technology) | Civil Engg. | Chemical Engg. | Mechanical Engg. | Mechanical and Mechatronics (Additive Manufacturing)
| B.Tech. - 2nd Year (Lateral Entry)
| BBA | M.Tech | M.Sc | Ph.D
| Diploma: Civil Engg. and Mechanical Engg.
SALIENT FEATURES
123 Acres Sprawling Campus on Agra - Mumbai Highway
120 Minutes Drive from Bhopal
Rated AAA+ by Careers 360 Consecutively for 2025 and 2026
RANKED IN THE 2026 INTERDISCIPLINARY SCIENCE RANKINGS
STUDENT EXCHANGE PROGRAM
Students have the option to study one semester at JIIT, Noida with Credit Transfer.
Centralized Placements | Digitally Connected Campus | World CLass AI Labs | High Performance Computing | Startup Incubation Hub | International Tie Ups | Global ALumni Network | Modern Hostels & Nutritious Dining
SCHOLARSHIPS AVAILABLE FOR ALL COURSES
₹44.14 Lakhs Highest Package | ₹8.40 Lakhs Average Package | 350+ Regular Recruiters Best in Industry | 95%+ Campus Placements In Last 5 Years
OUR PROMINENT RECRUITERS
Infosys amazon Microsoft Google ERICSSON HCL cognizant many more..
Apply online: juet.ac.in/jaypee/admission www.juet.ac.in
8982129100 8982129105 admissions@juet.ac.in
A-B Road, Raghogarh, Distt.- Guna (M.P.), PIN- 473226, India

**एक्शन में सरकार** | नीट-पीजी तैयारियों की जेपी नड्डा ने की समीक्षा

# सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा की तैयारी में केन्द्र

**नई दिल्ली, 02 अगस्त. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नीट-पीजी 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए परीक्षा के सुचारु, सुरक्षित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सक्षम आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 30 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी.**

स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित एजेंसियों को अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने को कहा. समीक्षा बैठक के दौरान नड्डा ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज, तकनीकी साझेदारों और परीक्षा आयोजन से जुड़े अन्य हितधारकों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की. बैठक में परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं, सुरक्षा तंत्र और तकनीक आधारित व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई. ( शेष पेज 12 पर )

### परीक्षार्थियों को नहीं होगी असुविधा

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था और आधुनिक तकनीकी उपाय लागू किए गए हैं. उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी पहलुओं में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. नड्डा ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए.

